# भाग/PART- A

1. एक जीवाणु कोशिका में प्रोटीन संश्लेषण कोशिका द्रव्य में यादृच्छिक स्थान पर होता है। समुचित क्रिया के लिए प्रोटीन को कोशिका के एक ध्रुव तक पहुंचना होता है। प्रोटीन ध्रुव तक पहुंचेगा
   1. रासायनिक आकर्षण से
   2. यादृच्छिक गति से
   3. एन्ज़ाईम क्रिया से
   4. विपरीत आवेशों के बीच आकर्षण से

1. In a bacterial cell, a protein is synthesized at random location in the cytoplasm. The protein has to reach one pole of the cell for its appropriate function. The protein reaches the pole by
   1. chemical attraction
   2. random movement
   3. enzymatic action
   4. attraction between opposite charges

2. एक बहुमूल्य रत्न टूट कर 1:2:3:4 के अनुपात के अलग-अलग भारों के टुकड़ों में टूट जाता है। ऐसे रत्न का मूल्य उसके भार के वर्ग के समानुपाती होता है। टूटने से रत्न के मूल्य में कितने प्रतिशत हानि हुई?
   1. 0 2. 30
   3. 70 4. 90

2. A precious stone breaks into four pieces having weights in the proportion 1:2:3:4. The value of such a stone is proportional to the square of its weight. What is the percent loss in the value incurred due to breaking?
   1. 0 2. 30
   3. 70 4. 90

3. एक साथ आरंभ करके दो दौड़ाक क्रमश: 6 तथा 8 मिनट में एक चक्र पूरा करते हैं। यदि वे स्थिर गति से दौड़ रहे हों तो वे कितने मिनट बाद पहली बार फिर से आरंभ रेखा पर मिलेंगें?
   1. 8 2. 24
   3. 32 4. 60

3. Two runners starting together run on a circular path taking 6 and 8 minutes, respectively, to complete one round. How many minutes later do they meet again for the first time on the start line, assuming constant speeds?
   1. 8 2. 24
   3. 32 4. 60

4. विद्यार्थियों द्वारा कक्षा में प्राप्त श्रेणियों का वितरण निम्न सारणी के प्रकार है

| श्रेणी | भिन्नात्मक समष्टि |
|---|---|
| A | 0.1 |
| B | 0.4 |
| C | 0.3 |
| D | 0.2 |

कक्षा में विद्यार्थियों की न्यूनतम संभव संख्या क्या है?
   1. 2 2. 4
   3. 8 4. 10

4. The distribution of grades secured by students in a class is given in the table below.

| Grade | Fraction of the population |
|---|---|
| A | 0.1 |
| B | 0.4 |
| C | 0.3 |
| D | 0.2 |


What is the least possible population of the class?
   1. 2 2. 4
   3. 8 4. 10

5. नौ संख्यायें $x_1, x_2, x_3 \dots x_9$ आरोही क्रम में है। उनका औसत $m$ पहली सभी आठ संख्याओं से दृढ़त: अधिक है। निम्न में से कौन-सा सत्य है?
   1. Average $(x_1, x_2 \dots x_9, m) > m$ तथा Average $(x_2, x_3, \dots x_9) > m$
   2. Average $(x_1, x_2 \dots x_9, m) < m$ तथा Average $(x_2, x_3, \dots x_9) < m$
   3. Average $(x_1, x_2 \dots x_9, m) = m$ तथा Average $(x_2, x_3, \dots x_9) > m$
   4. Average $(x_1, x_2 \dots x_9, m) < m$ तथा Average $(x_2, x_3, \dots x_9) = m$


5. The nine numbers $x_1, x_2, x_3 \dots x_9$, are in ascending order. Their average $m$ is strictly greater than all the first eight numbers. Which of the following is true?

1. Average $(x_1, x_2 \dots x_9, m) > m$ and Average $(x_2, x_3, \dots x_9) > m$
2. Average $(x_1, x_2 \dots x_9, m) < m$ and Average $(x_2, x_3, \dots x_9) < m$
3. Average $(x_1, x_2 \dots x_9, m) = m$ and Average $(x_2, x_3, \dots x_9) > m$
4. Average $(x_1, x_2 \dots x_9, m) < m$ and Average $(x_2, x_3, \dots x_9) = m$

6. इनमें से कौन सा चित्र महिलाओं, माताओं, मानव जाति का प्रतिनिधित्व करता है?





6. Which among the following diagrams represents women, mothers, human beings?




7. एक लड़का तथा एक लड़की निम्न वक्तव्य देते हैं जिनमें से अधिकतम एक सत्य है:
सफ़ेद शर्ट में कोई कहे: "मैं लड़की हूँ" (कथन-I)
नीली शर्ट में कोई कहे: "मैं लड़का हूँ" (कथन- II)
निम्न में कौन सा सही निष्कर्ष है?
1. कथन-I सही है पर कथन- II गलत है
2. कथन- II सही है पर कथन- I गलत है
3. दोनों, कथन- I तथा II, गलत है
4. कथनों-I तथा II की शुद्धता निश्चित नहीं की जा सकती


7. A boy and a girl make the following statements, of which at most one is correct:
The one in a white shirt says: "I am a girl" (statement-I)
The one in a blue shirt says: "I am a boy" (statement-II)
Which of the following is the correct inference?
1. Statement-I is correct but statement-II is incorrect
2. Statement-II is correct but statement-I is incorrect
3. Both the statements I and II are incorrect
4. The correctness of the statements I and II cannot be ascertained.

8. निम्न चित्र में कितने चतुर्भुज हैं?



| | |
|---|---|
| 1. 17 | 2. 18 |
| 3. 19 | 4. 20 |

8. How many quadrilaterals does the following figure have?



| | |
|---|---|
| 1. 17 | 2. 18 |
| 3. 19 | 4. 20 |

9. कुल 12 गेंदें जिनमें लाल, हरे, नीले तथा पीले रंग की तीन-तीन हैं, एक डब्बे में रख कर मिला दी जाती हैं। यदि यादृच्छिक 3 गेंदें उठाई जाएं, उनके बदले कुछ रखे बिना, तो तीनों के एक ही रंग का होने की प्रायिकता होगी

| | |
|---|---|
| 1. 1/4 | 2. 1/12 |
| 3. 1/36 | 4. 1/55 |

9. 12 balls, 3 each of the colours red, green, blue and yellow are put in a box and mixed. If 3 balls are picked at random, without replacement, the probability that all 3 balls are of the same colour is

| | |
|---|---|
| 1. 1/4 | 2. 1/12 |
| 3. 1/36 | 4. 1/55 |

**10.** अन्य लोक से आए कुछ जीवों ने पाया कि सूर्योदय से पूर्व मुर्गे हर दिन बांग देते हैं। मुर्गों तथा सूर्योदयों के बारे में कोई और जानकारी न हो तो, निम्न में से कौन-से निष्कर्ष मान्य नहीं होगें?

1. मुर्गों का बांग देना तथा सूर्योदय स्वतंत्र चक्रीय घटनायें होंगी जिनकी आवर्तिता समान होगी
2. दोनों की कारक घटनायें एक हों
3. मुर्गे की बांग के कारण सूर्योदय होता हो
4. सूर्योदय मुर्गे की बांग का कारण नहीं हो सकता क्यों कि बांग सूर्योदय से पहले घटित होती है

**10.** Some aliens observe that roosters call before sunrise every day. Having no other information about roosters and sunrises, which of the following inferences would NOT be valid?

1. Rooster-call and sunrise may be independent cyclic events with the same periodicity
2. Both may be triggered by a common cause
3. Rooster-call may be causing the sunrise
4. Sunrise cannot be the cause of rooster call as the rooster-call precedes sunrise

**11.** केवल 5, 8 तथा 12 लिटर के डब्बों का उपयोग करके टंकी में भरे इक्कीस लिटर पानी को 3 समान भागों में बांटना है। इसके लिए कम से कम कितनी बार पानी को एक से दूसरे पात्र में अंतरित करना होगा

| | |
|---|---|
| 1. 3 | 2. 4 |
| 3. 5 | 4. 7 |

**11.** Twenty-one litres of water in a tank is to be divided into three equal parts using only 5, 8 and 12 litre capacity cans. The minimum number of transfers needed to achieve this is

| | |
|---|---|
| 1. 3 | 2. 4 |
| 3. 5 | 4. 7 |


**12.** चार एजेंट एल्फा, बीटा, गामा तथा डेल्टा में से तीन को एक साथ एक मुहिम पर भेजा जाना है। यदि एल्फ़ा तथा बीटा साथ न भेजे जा सकते हों, बीटा एवं गामा साथ न भेजे जा सकते हों और गामा एवं डेल्टा साथ न भेजे जा सकते हों, तब निम्न में से क्या सही है?

1. कोई से भी तीन एजेंट भेजे जा सकते है
2. एल्फा, डेल्टा के साथ बीटा, गामा में कोई एक भेजा जा सकता हैं
3. बीटा, गामा के साथ एल्फ़ा और डेल्टा में से कोई एक भेजा जा सकता हैं
4. यह मुहिम असंभव है

**12.** Of four agents Alpha, Beta, Gamma and Delta, three have to be sent together on a mission. If Alpha and Beta cannot go together, Beta and Gamma cannot go together and Gamma and Delta cannot go together, then which of the following holds?


1. Any three agents can be sent.
2. Alpha, Delta and any one out of Beta and Gamma can be sent.
3. Beta, Gamma and any one out of Alpha and Delta can be sent.
4. The mission is impossible.

**13.** एक खुला आयताकार डब्बा चित्र में दर्शित रूप से चारों सर्वसम कोनों को काट कर निकालने और फिर बिंदुदार रेखा पर कागज़ को मोड़ कर बनाया जा सकता है। डब्बे की धारिता होगी ($cm^3$ में)




| | |
|---|---|
| 1. 8000 | 2. 1000 |
| 3. 4000 | 4. 6000 |

**13.** An open rectangular box is made by excluding the four identical corners of a piece of paper as shown in the diagram and folding it along the dotted lines




The capacity of the box (in $cm^3$) is

| | |
|---|---|
| 1. 8000 | 2. 1000 |
| 3. 4000 | 4. 6000 |

14. निम्न में से सबसे बड़ी राशि कौन सी है?

$2^{50}, 3^{40}, 4^{30}, 5^{20}$


1. $2^{50}$
2. $3^{40}$
3. $4^{30}$
4. $5^{20}$

14. Which of the following is the largest?

$2^{50}, 3^{40}, 4^{30}, 5^{20}$

1. $2^{50}$
2. $3^{40}$
3. $4^{30}$
4. $5^{20}$


15. एक बंदर फल खाने के लिए पेड़ पर चढ़ता है। फल खाने से मिली ऊर्जा और अलग-अलग डालियों पर चढ़ने में व्यय ऊर्जा का संबंध चित्र में प्रदर्शित है।




अर्जित तथा व्यय की गई ऊर्जा का अनुपात उस बिंदु पर अधिकतम होगा जहां

1. वक्र का ढाल अधिकतम है
2. वक्र का ढाल एक है
3. मूल बिंदु से जाने वाली स्पर्श रेखा जहां वक्र को स्पर्श करे
4. वक्र के उच्चतम बिंदु पर

15. A monkey climbs a tree to eat fruits. The amount of energy gained from eating fruits and the energy spent in climbing on different branches have a relationship shown in the figure.




The ratio of energy gained to energy spent will be the maximum

1. at a point where the slope of the curve is the maximum
2. at a point where the slope of the curve is unity
3. at a point on the curve where the tangent passes through the origin
4. at the highest point on the curve

16. एक बेलन की लंबाई के लिए 10 बार मापने पर 10 अलग-अलग मान मिलते हैं। मानों के इस समूह के लिए निम्न कथनों पर विचार करें।

A. इनमें से पांच मान माध्य से अधिक तथा पांच माध्य से कम होंगे

B. इनमें से पांच मान माध्यिका से अधिक तथा पांच से कम होंगे

C. कम से कम एक मान माध्य से अधिक होगा

D. कम से कम एक मान माध्यिका पर होगा

इनमें से कौन-सा कथन अनिवार्यत: सही है?

1. B तथा C
2. A तथा C
3. B तथा D
4. A, C तथा D

16. The length of a cylinder is measured 10 times, yielding 10 distinct values. For this set of values, consider the following statements.

A. Five of these values will lie above the mean and five below it

B. Five of these values will lie above the median and five below it

C. At least one value will lie above the mean


D. At least one value will lie at the median

Which of the statements are necessarily correct?

1. B and C
2. A and C
3. B and D
4. A, C and D

17. दिए वृत्त में, O केंद्र है,


$\angle PAO = 40°, \angle PBQ = 30°$ तथा बाह्य कोण $\angle AOB = 220°$.




तब $\angle AQB$ होगा

1. 70°
2. 80°
3. 60°
4. 110°


17. In the given circle, O is the centre, $\angle PAO = 40°$, $\angle PBQ = 30°$ and outer angle $\angle AOB = 220°$.




Then $\angle AQB$ is

1. 70°
2. 80°
3. 60°
4. 110°


18. नहरों की एक व्यवस्था निम्न प्रकार है




पानी दो रास्तों से होकर A से B बहता है। द्वार $G_1$ तथा $G_2$ बहाव को नियंत्रित करने के लिए स्वतंत्र रूप से चलाए जाते है। द्वार $G_1$ के खुले रहने की प्रायिकता 10% है जबकि $G_2$ की 20%. पानी के A से B की ओर बहने की प्रायिकता होगी

1. 10%
2. 20%
3. 28%
4. 30%

18. A canal system is shown in the figure




Water flows from A to B through two channels. Gates $G_1$ and $G_2$ are operated independently to regulate the flow. Probability of $G_1$ to be open is 10% while that of $G_2$ is 20%. The probability that water will flow from A to B is

1. 10%
2. 20%
3. 28%
4. 30%


19. मोटाई $t$ वाले कागज की एक लंबी रीम को कस कर लपेटा जाता है। जैसे-जैसे यह मोटी होती जाती है, एक चक्कर में लपेटे जाने वाले कागज़ की लंबाई पिछले चक्कर में लपेटे गए कागज़ की लंबाई से नीचे में इतनी बढ़ जाएगी

1. $t$
2. $2t$
3. $\pi t$
4. $2\pi t$

19. A long ream of paper of thickness $t$ is rolled tightly. As the roll becomes larger, the length of the paper wrapped in one turn exceeds the length in the previous turn by


1. $t$
2. $2t$
3. $\pi t$
4. $2\pi t$

20. त्रिज्या $r$ वाले पहिए पर बिंदु $A$ क्षैतिज धरातल को $P$ बिंदु पर स्पर्श करता है। प्रथम घूर्णन में $A$ के सर्वोच्च स्थिति में पहुंचने तक यह पहिया बिना फिसले लुढ़कता है। अंतिम दूरी $AP$ कितनी होगी?




1. $2r$
2. $r\sqrt{(1+\pi^2)}$
3. $r\sqrt{(4+\pi^2)}$
4. $2r\sqrt{(1+\pi^2)}$

20. Point $A$ on a wheel of radius $r$ touches the horizontal plane at point $P$. It rolls without slipping, till point $A$ is at the highest position in the first turn. What is the final distance $AP$?




1. $2r$
2. $r\sqrt{(1+\pi^2)}$
3. $r\sqrt{(4+\pi^2)}$
4. $2r\sqrt{(1+\pi^2)}$

# भाग/PART- B

21. प्रोटीन संरूपण के लिए दिए गए निम्नलिखित कथनों में से कौन सा असत्य है?
   1. एल-अमीनो अम्ल टाइप I' β-घुमावों में पाया जा सकता है, जहां ϕ, ψ दोनों धनात्मक हैं।
   2. प्रोलीन समृद्ध पेप्टाइड के लिए α-कुण्डलित संरचना को अपनाना असम्भव है।
   3. प्रोलीन अवशेषों की β-घुमावों में पाए जाने की उच्च प्रवृत्ति होती है।
   4. अवलयित प्रोटीनों में अमीनो अम्लों के द्वितलीय कोण ϕ, ψ केवल धनात्मक होते हैं।

21. Which one of the statements on protein conformation, detailed below is **INCORRECT**?
   1. L-amino acids can occur in Type I' β-turns where ϕ, ψ are both positive.
   2. A peptide rich in proline is unlikely to adopt α-helical structure.
   3. Proline residues have high propensity to occur in β-turns.
   4. The dihedral angles ϕ, ψ of amino acids in unfolded proteins are exclusively positive.

22. एंजाइम प्रेरित अभिक्रिया के लिए निम्नलिखित कथनों में से असत्य कथन को चुनिए-
   1. एलोस्टेरिक एंजाइमों के गत्यात्मक गुण मिखाइलिस-मेनटेन व्यवहार से भिन्न नहीं होते हैं।
   2. प्रतिभरण संदमन में,पथ का उत्पाद पथ के एंजाइम को संदमित करता है।
   3. S→P अभिक्रिया के संक्रमण अवस्था मध्यस्थ के समरूप को दृढ़ता से बांधने वाला एंटीबॉडी P के निर्माण को बढ़ाएगा,जब समरूप को अभिक्रिया में मिलाया जाए
   4. एक एंजाइम जिसका $Kcat = 1.4 \times 10^4\ s^{-1}$ और $Km = 9 \times 10^{-5}$ M है, उसकी सक्रियता विसरण नियंत्रित सीमा के समीप होती है।

22. Choose the **INCORRECT** statement from the following statements made for an enzyme-catalyzed reaction
   1. The kinetic properties of allosteric enzymes do not diverge from Michaelis-Menten behaviour.
   2. In feedback inhibition, the product of a pathway inhibits an enzyme of the pathway.
   3. An antibody that binds tightly to the analog of the transition state intermediate of the reaction S→P, would promote formation of P when the analog is added to the reaction.
   4. An enzyme with $Kcat = 1.4 \times 10^4\ s^{-1}$ and $Km = 9 \times 10^{-5}$ M has activity close to the diffusion controlled limit.

23. डिस्ट्रान्ड डीएनए के अनुक्रम विश्लेषण से प्राप्त परिणाम दर्शाते हैं कि साइटोसीन घटक, C 20% था। A और T की संयुक्त कुल मात्रा कितनी है?

   1. 20%     2. 30%
   3. 50%     4. 60%

23. On sequence analysis of a double stranded DNA, the results showed the content of cytosine, C was 20%. What is the amount of A and T put together?

   1. 20%     2. 30%
   3. 50%     4. 60%

24. ग्लाइकोजन विघटन के प्रथम चरण में ग्लूकोज़ किस रुप में मुक्त होता है
   1. ग्लूकोज़ 6-फास्फेट
   2. ग्लूकोज़ 1-फास्फेट
   3. ग्लूकोज़
   4. ग्लूकोज़ और ग्लूकोज़ 6-फास्फेट

24. The first step in glycogen breakdown releases glucose units as
   1. glucose 6-phosphate
   2. glucose 1-phosphate
   3. glucose
   4. glucose and glucose 6-phosphate

25. $Na^+/K^+$ ATPase पंप अधिकांश जंतु कोशिकाओं की जीवद्रव्य कला पर पाए जाते हैं। पंप के अंतरस्थ फास्फोरिलीकरण स्थल में उत्परिवर्तन मुख्यतया प्रभावित करते हैं
   1. केवल $Na^+$ के बहिर्मुखी चलन को
   2. केवल $K^+$ के अंतर्मुखी चलन को
   3. $K^+$ और $Na^+$ के दोनों अंतर्मुखी एवम् बहिर्मुखी चलनों को
   4. पंप क्रियाशीलता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता परंतु उसकी स्थिरता को प्रभावित करता है।

25. The $Na^+/K^+$ ATPase pump is found on the plasma membrane of most animal cells. A mutation in the intrinsic phosphorylation site of the pump is most likely to affect
   1. the outward movement of $Na^+$ only.
   2. inward movement of $K^+$ only.
   3. both the inward and outward movement of $K^+$ and $Na^+$.
   4. has no effect on pump activity but affects its stability.

26. जंतु कोशिका के साइटोकाइनेसिस के दौरान विभाजित तल का स्थल निर्धारित होता है
   1. केंद्रक की स्थिति द्वारा
   2. केंद्रीय तर्कु द्वारा
   3. पूर्व-प्रोफेज पट्टिका द्वारा
   4. यादृच्छिक रुप से

26. The site of the division plane during cytokinesis of animal cells is determined
   1. by position of nucleus.
   2. by the central spindle.
   3. by the pre-prophase band.
   4. randomly.

27. प्राथमिक संवर्ध से व्यक्तिक ऊतक कोशिकाओं को तैयार करने के लिए, कोशिका-कोशिका और कोशिका-मेट्रिक्स की अंतर्क्रिया अनिवार्यरुप से टूटनी चाहिए। इसे प्राप्त करने हेतु, निम्न का उपयोग नहीं किया जाएगा:

| | |
|---|---|
| 1. ईडीटीए | 2. ट्रिप्सिन |
| 3. कोलेजिनेज़ | 4. सेपेरेज़ |

27. To prepare individual tissue cells from a primary culture, the cell-cell and cell-matrix interaction must be broken. To achieve this, one would **NOT** use:

| | |
|---|---|
| 1. EDTA | 2. Trypsin |
| 3. Collagenase | 4. Separase |

28. कोर कण के न्यूक्लियोसोमल संघटन के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?
   1. डीएनए की प्रारुपिक संरचना कोर कण के मध्य में परिवर्तित होती है।
   2. कोर कण में डीएनए, हिस्टोन ऑक्टोमर के चारों ओर 1.65 घुमावों के साथ चपटे सुपर हेलिक्स के रुप में संघटित होता है।
   3. जब 30 नैनोमीटर के तंतु बनते हैं, तब सामान्यतया प्रति घुमाव 6 न्यूक्लिओसोम दो- आरंभिक हेलिक्स में संघटित होते हैं।
   4. कोर कण में एन-टर्मिनल हिस्टोन पुच्छें अनिवार्यतया क्रमबद्ध होती हैं और डीएनए के घुमावों के मध्य न्यूक्लिओसोमों से बाहर निकलती हैं।

28. Which one of the following statements is **NOT** true about nucleosomal organization of core particle?
   1. The typical structure of DNA is altered in the middle of the core particle.
   2. In core particle, DNA is organized as flat super helix with 1.65 turns around the histone octamer.
   3. While forming 30 nm fibers, generally 6 nucleosomes per turn organize into a two-start helix .
   4. The N-terminal histone tails in a core particle are strictly ordered and exit from the nucleosomes between turns of the DNA.

29. प्रतिकृतिकरण के दौरान, RNaseH डीएनए सिरे से प्रत्यक्ष रुप से जुड़े हुए राइबोन्यूक्लिओटाइड को छोड़कर सभी आरएनए प्राइमर को हटाता है। क्योंकि -----
   1. यह आरएनए तथा डीएनए को उनके 5' सिरे से विघटित कर सकता है।
   2. यह केवल दो राइबोन्यूक्लिओटाइडों के बीच के बंधनों को विदलित कर सकता है।
   3. यह आरएनए तथा डीएनए को उनके 3' सिरे से विघटित कर सकता है।
   4. RNaseH की क्रियाशीलता डीएनए के रुप में दोनों स्ट्रान्डों को धारण करने वाले ड्युप्लेक्स की उपस्थिति से अवरुद्ध होती है।

29. During replication, RNaseH removes all of the RNA primer except the ribonucleotide directly linked to the DNA end. This is because
   1. it can degrade RNA and DNA from their 5' end.
   2. it can only cleave bonds between two ribonucleotides.
   3. it can degrade RNA and DNA from their 3' end.
   4. activity of RNaseH is inhibited by the presence of duplex containing both strands as DNA.

30. मानव कोशिका क्रम में, द्वि-स्ट्रान्ड डीएनए के टूटे हुए एक बड़े टुकड़े को विजातीय सिरे वाले जोड़ (एनएचईजे) द्वारा ठीक किया जाता है। एक एफएलएपी-एण्डोन्यूक्लिएज़ का अवरोधक प्रभावित करेगा-
   1. डीएनए-निर्भर काइनेज़ के भरण को
   2. रिक्तता समाकृतन को
   3. डीएनए विकुण्डलन को
   4. सूक्ष्म-सजातीय क्षेत्रों के युग्मन को

30. In a human cell line, a large fraction of double-strand DNA breaks are repaired by non-homologous end joining (NHEJ). An inhibitor of FLAP endonuclease will affect
   1. recruitment of DNA-dependent kinase.
   2. gap trimming.
   3. DNA unwinding.
   4. pairing of micro-homology regions.

31. द्वि-स्ट्रान्ड न्यूक्लिक अम्लों में शर्करा प्रकुंचन अनन्य रूप से है-
   1. द्वि-स्ट्रान्ड डीएनए में सी-2′ एण्डो
   2. द्वि-स्ट्रान्ड डीएनए में सी-3′ एण्डो
   3. द्वि-स्ट्रान्ड आरएनए में सी-2′ एण्डो
   4. एक डीएनए के और दूसरे आरएनए के स्ट्रान्डों वाले संकर ड्यूप्लेक्स में सी-3′ एण्डो

31. Sugar puckering in double stranded nucleic acids is exclusively
   1. C-2′ endo in double stranded DNA
   2. C-3′ endo in double stranded DNA
   3. C-2′ endo in double stranded RNA
   4. C-3′ endo in hybrid duplex with one strand as DNA and the other as RNA

32. यूकेरियोटिक एमआरएनए रूपांतरित होती है एवं 5′-आच्छद को धारण करती है। 5′ आच्छद संरचना के कार्य के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन **असत्य** है?
   1. यह एमआरएनए की 5′→3′ एक्सोराइबोन्यूक्लिएज़ हमले से रक्षा करता है।
   2. यह नवजात प्रतिलिपि के संबंधन प्रक्रिया को सरल करता है।
   3. यह प्रतिलिपि की आरएनएज़ III परिवार के एंजाइमों द्वारा होने वाले विघटन से रक्षा करता है।
   4. यह राइबोसोम की 40एस उपइकाई से संलग्नता को सरल बनाता है।

32. Eukaryotic mRNAs are modified to possess a 5′ cap structure. Which one of the following is an **INCORRECT** statement about the function of the 5′ cap structure?
   1. It protects the mRNA from 5′→3′ exoribonuclease attack.
   2. It facilitates splicing of the nascent transcripts.
   3. It protects the transcript from degradation by RNAse III family enzymes.
   4. It facilitates attachment to 40S subunit of ribosome.

33. इन में से कौन मानव उपकला सतहों पर उपस्थित प्रतिसूक्ष्मजीवीय प्रोटीनों एवं पेप्टाइडों द्वारा प्रायोजित सहजात प्रतिरक्षा से संबंध नहीं रखता?

| | |
|---|---|
| 1. लेक्टोफेरिन | 2. डिफेंसिन |
| 3. कैलप्रोटेक्टिन | 4. विमेनटिन |

33. Which one of the following does **NOT** belong to human antimicrobial proteins and peptides at epithelial surfaces forming part of innate immunity?

| | |
|---|---|
| 1. Lactoferrin | 2. Defensin |
| 3. Calprotectin | 4. Vimentin |

34. निम्नलिखित में से कौन असम्बद्ध-होनेपर-मृत्यु को सबसे अच्छे तरीके से चित्रित करता है?

| | |
|---|---|
| 1. नेक्रोप्टोसिस | 2. एनॉयकिस |
| 3. एक्सट्रावेसेशन | 4. मेटास्टेसिस |

34. Which one of the following best describes death-upon-detachment?

| | |
|---|---|
| 1. Necroptosis | 2. Anoikis |
| 3. Extravasation | 4. Metastasis |

35. फल चमगादड़ जानवरों और मनुष्यों को संक्रमित कर सकने वाले अनेक विषाणुओं को आश्रय देने और फैलाने के लिए जानी जाती है। निम्नलिखित में से कौन सा विषाणु फल चमगादड़ द्वारा फैलाए जाने के लिए दर्ज नहीं हुआ है?

| | |
|---|---|
| 1. इबोला | 2. निपाह |
| 3. सार्स | 4. एचआईवी |

35. Fruit bats are known to harbour and spread several viruses that can infect other animals and humans. Which one of the following viruses is **NOT** reported to spread by fruit bats?

| | |
|---|---|
| 1. Ebola | 2. Nipah |
| 3. SARS | 4. HIV |

36. टाइप I की अतिसंवेदनशीलता-मध्यस्थ दमा संबंधी प्रतिक्रिया में, निम्नलिखित में से किसका दीर्घकालिक ब्रोंकोस्पाज़्म तथा दमा में बनने देने वाले बलगम के लिए उल्लेखनीय योगदान है?

| | |
|---|---|
| 1. थ्राम्बोक्ज़ेन | 2. ल्यूकोट्रीन |
| 3. टीजीएफβ | 4. कौंड्रोइटिन |

36. In a type I hypersensitivity-mediated asthmatic response, which one of the following is thought to contribute significantly to the prolonged bronchospasm and build-up of mucous seen in asthmatics?

1. Thromboxane
2. Leukotriene
3. TGFβ
4. Chondroitin

37. कुछ पौधों में, वह प्रक्रिया, जहां स्व-परागण से बचने के लिए परागकण स्फुटन और वर्तिकाग्र ग्राह्यता का समय समान नहीं होता है, को कहा जाता है

1. भिन्नकालपक्वता
2. स्वनिषेच्य उभयलिंगिता
3. उभयलिंगाश्रयता
4. एकलिंगाश्रयता

37. In certain plants, the mechanism where timing of anther dehiscence and stigma receptivity do not coincide to avoid self-pollination is called

1. dichogamy
2. herkogamy
3. monoecy
4. dioecy

38. *ज़ीनोपस* भ्रूणों में, β-केटेनिन पृष्ठीय/अधरीय अक्षों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आपके अनुसार क्या होना चाहिए यदि अंतर्जातीय ग्लाइकोजन सिंथेज़ काइनेज 3 (जीएसके 3) को प्रारंभिक भ्रूण की अधरीय कोशिकाओं में जीएसके 3 को प्रभावी नकारात्मक प्रकार द्वारा अप्रभावी कर दिया जाए?

1. अधरीय तल पर जीएसके 3 को रोकने का कोई प्रभाव नहीं होगा। एक सामान्य भ्रूण बनेगा।
2. निर्मित भ्रूण में केवल अधरीय पक्ष ही होंगे
3. एक द्वितीय अक्ष बनेगा
4. निरुद्ध भावी पृष्ठभाग

38. In *Xenopus* embryos, β-catenin plays an important role in the Dorsal/Ventral axis development. What would you expect if the endogenous glycogen synthase kinase 3 (GSK3) is knocked out by a dominant-negative form of GSK3 in the ventral cells of the early embryo?

1. Blocking of GSK3 on the ventral side has no effect. A normal embryo will form.
2. The resulting embryo will only have ventral sides.
3. A second axis will form.
4. The dorsal fate is suppressed.

39. होमियोबॉक्स अनुलेख कारक (हॉक्स प्रोटीन) विशिष्टीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं कि विशिष्ट मध्योतक कोशिका स्टाइलोपोड, ज़िगुगोपोड या ऑटोपोड बनेगी। इन जीनों की अभिव्यक्ति प्रवृत्तियों के आधार पर एक मॉडल तैयार किया गया है जिसमें हॉक्स जीन विशेष रूप से पाद क्षेत्र की पहचान करते हैं। *HOXD13* उत्परिवर्तन के लिए मानव समयुग्मजता के लिए प्रेक्षित लक्षणप्ररूप क्या होंगे?

1. ज़िगुगोपोड नहीं बनेगा
2. हाथों और पैरों की विसंगतियां जिनमें उंगलियां चिपकी हुई होंगी
3. स्टाइलोपोडों में विकृतियां
4. फीमर या पटेला नहीं बनेगा

39. Homeobox transcription factors (Hox proteins), play important roles in specifying whether a particular mesenchymal cell will become stylopod, zeugopod or autopod. Based on the expression patterns of these genes, a model was proposed wherein these Hox genes specify the identity of a limb region. What would be the observed phenotype for human homozygous for a *HOXD13* mutation?

1. No zeugopod formation.
2. Abnormalities of the hands and feet wherein the digits fuse.
3. Deformities in stylopods.
4. No femur or patella formation.

40. निम्नलिखित में से कौन पौधों में सिलिकान के कार्य को दर्शाता है?

1. अमीनो अम्लों का घटक होना
2. कोशिकाभित्ति की सुदृढ़ता और लचीलेपन में योगदान देना
3. प्रकाशसंश्लेषण प्रक्रिया के केंद्र का घटक होना
4. कोशिका स्फीति और वैद्युत-उदासीनता का रखरखाव

40. Which one of the following describes the function of silicon in plants?

1. Constituent of amino acids
2. Contributes to cell wall rigidity and elasticity
3. Constituent of the photosynthesis reaction centre
4. Maintenance of cell turgor and electro-neutrality

41. अधिकांश पादप रोग प्रतिरोधी (आर) जीन उत्पाद में होते हैं:
   1. जी-बॉक्स प्रक्षेत्र
   2. अनुलेखन दमन प्रक्षेत्र
   3. ल्यूसीन-समृद्ध पुनरावृत्तियां
   4. एंजाइमिक गतिविधियां

41. Most of the plant disease resistance (R) gene products contain:
   1. G-Box domains
   2. Transcription repression domains
   3. Leucine-rich repeats
   4. Enzymatic activities

42. पौधों में पहचान किए गए कई जिबरलिनों में से कौन सा जैवसक्रिय नहीं है?

| | |
|---|---|
| 1. जीए$_1$ | 2. जीए$_3$ |
| 3. जीए$_4$ | 4. जीए$_5$ |

42. Out of several gibberellins identified in plants, which one of the following is **NOT** bioactive?

| | |
|---|---|
| 1. $GA_1$ | 2. $GA_3$ |
| 3. $GA_4$ | 4. $GA_5$ |

43. नाइट्रोजिनेज, एक जटिल धातुधारी एंजाइम, $N_2$ से $NH_3$ बनाने वाली प्रक्रिया में भाग लेता है। निम्नलिखित में से कौन सी धातु नाइट्रोजिनेस की क्रिया में भाग नहीं लेती है?
   1. मॉलिब्डेनम (Mo)
   2. आयरन (Fe)
   3. वेनेडियम (V)
   4. कोबाल्ट (Co)

43. Nitrogenase, a complex metal containing enzyme is involved in conversion of $N_2$ to $NH_3$. Which one of the following metals is **NOT** involved in the activity of nitrogenase?
   1. Molybdenum (Mo)
   2. Iron (Fe)
   3. Vanadium (V)
   4. Cobalt (Co)

44. निम्नलिखित एजेंटों में से कौन मीसेंजियल कोशिकाओं के शिथलीकरण का कारण है?
   1. हिस्टामाइन
   2. थ्राम्बेक्सेन ए$_2$
   3. नोरेपिनेफ्राइन
   4. डोपेमाइन

44. Which one of the following agents cause relaxation of mesangial cells?
   1. Histamine
   2. Thrombaxane $A_2$
   3. Norepinephrine
   4. Dopamine

45. एक मरीज वमन और अतिसार की शिकायत के साथ अस्पताल आता है। डॉक्टर सलाह देते हैं कि मरीज ग्लूकोज और इलेक्ट्रोलाइट घोल पिए। निम्नलिखित में से कौन सा झिल्ली प्रोटीन मरीज के पुनर्जलीकरण में भाग लेता है?
   1. सिस्टिक फाइब्रोसिस ट्रांसमेम्ब्रेन नियामक (सीएफटीआर)
   2. सोडियम ग्लूकोज स्थानांतरक प्रोटीन 1 (एसजीएलटी1)
   3. इंसुलिन ग्राहक प्रोटीन (आईआरपी)
   4. सुक्रेज-आइसोमेल्टेज़ प्रोटीन (एसआईपी)

45. A patient comes to the hospital complaining of vomiting and diarrhoea. The doctor suggested that the patient take glucose and electrolyte solution orally. Which one of following membrane proteins is likely to be involved in rehydrating the patient?
   1. Cystic fibrosis transmembrane regulator (CFTR)
   2. Sodium glucose transporter protein 1 (SGLT1)
   3. Insulin receptor protein (IRP)
   4. Sucrase-isomaltase protein (SIP)

46. छोटी आंत में विटामिन बी$_{12}$ के अवशोषण के लिए किसकी आवश्यकता होती है?
   1. कोबालोफिलिन
   2. हेफिस्टिन
   3. हेपसिडिन
   4. $Na^+$-सहस्थानांतरक

46. Which one is required for vitamin $B_{12}$ absorption in small intestine?
   1. Cobalophilin
   2. Hephaestin
   3. Hepcidin
   4. $Na^+$-cotransporter

47. रेटिना पर प्रकाश पड़ने पर घटित होने वाले प्रकाशपारक्रमण प्रक्रिया के दौरान होने वाली घटनाओं का सही क्रम क्या है?

1. $Na^+$ चैनलों का बंद होना→ट्रांसड्यूसिन का सक्रिय होना→ग्लूटामेट स्रावण में कमी→ अंतराकोशिकीय सीजीएमपी में कमी→रोडोप्सिन में संरचनात्मक बदलाव
2. ग्लूटामेट स्रावण में कमी → रोडोप्सिन में संरचनात्मक बदलाव → ट्रांसड्यूसिन का सक्रिय होना → अंतराकोशिकीय सीजीएमपी में कमी → $Na^+$ चैनलों का बंद होना
3. रोडोप्सिन में संरचनात्मक बदलाव → ट्रांसड्यूसिन का सक्रिय होना → अंतराकोशिकीय सीजीएमपी में कमी → $Na^+$ चैनलों का बंद होना → ग्लूटामेट स्रावण में कमी
4. अंतराकोशिकीय सीजीएमपी में कमी → ट्रांसड्यूसिन का सक्रिय होना →ग्लूटामेट स्रावण में कमी → रोडोप्सिन में संरचनात्मक बदलाव → $Na^+$ चैनलों का बंद होना

**47.** Which one is the correct sequence of events that takes place during phototransduction when light falls onto the retina?

1. Closure of $Na^+$ channels→activation of transducin→decreased release of glutamate→ decrease in intracellular cGMP→structural changes in rhodopsin
2. Decreased release of glutamate→structural changes in rhodopsin→activation of transducin→ decrease in intracellular cGMP→closure of $Na^+$ channels
3. Structural changes in rhodopsin→ activation of transducin→decrease in intracellular cGMP→closure of $Na^+$channels→decreased release of glutamate
4. Decrease in intracellular cGMP→activation of transducin→decreased release of glutamate→structural changes in rhodopsin→closure of $Na^+$ channels

**48.** लोड प्राप्तांक 3 पुन:संयोजन आवृत्ति (आरएफ) का प्रतिनिधित्व करता है, जो कि

1. असंयोजन संकल्पना का 3 गुना
2. असंयोजन संकल्पना का 30 गुना
3. असंयोजन संकल्पना का 100 गुना
4. असंयोजन संकल्पना का 1000 गुना

**48.** A Lod score of 3 represents a Recombination Frequency (RF) that is

1. 3 times as likely as the hypothesis of no linkage.
2. 30 times as likely as the hypothesis of no linkage.
3. 100 times as likely as the hypothesis of no linkage.
4. 1000 times as likely as the hypothesis of no linkage.

**49.** यह मानकर कि *A, B, C* और *D* जीन संयोजित नहीं हैं, *AABbccDd* तथा *aaBBccDD* जनकों के बीच संकरण से *AaBBccDd* संतति बनने की प्रायिकता होगी

| | |
|---|---|
| 1. 4/32 | 2. 3/16 |
| 3. 1/4 | 4. 3/32 |

**49.** Assuming that the *A, B, C* and *D* genes are not linked, the probability of a progeny being *AaBBccDd* from a cross between *AABbccDd* and *aaBBccDD* parents will be

| | |
|---|---|
| 1. 4/32 | 2. 3/16 |
| 3. 1/4 | 4. 3/32 |

**50.** एक नवजात शिशु जिसकी माता का रक्त समूह AB, $Rh^+$ तथा पिता का रक्त समूह O, $Rh^-$ है, अस्पताल में दूसरे शिशुओं के साथ मिल जाता है। इस कथित दम्पत्ति के शिशु का रक्त समूह निम्नलिखित में से कौन सा हो सकता है?

| | |
|---|---|
| 1. O, $Rh^+$ | 2. O, $Rh^-$ |
| 3. AB, $Rh^-$ | 4. B, $Rh^+$ |

**50.** The new born baby of a mother having blood group AB, $Rh^+$ and father having blood group O, $Rh^-$, got mixed with other babies in the hospital. The baby with which of the following blood groups is expected to be of the said couple?

| | |
|---|---|
| 1. O, $Rh^+$ | 2. O, $Rh^-$ |
| 3. AB, $Rh^-$ | 4. B, $Rh^+$ |

**51.** निम्नलिखित में से कौन सा डीएनए चिन्हक समयुग्मज और विषमयुग्मज के बीच विभेदन हेतु उपयोग किया जा सकता है?

1. आरएपीडी
2. एएफएलपी
3. आरएफएलपी
4. आईएसएसआर

**51.** Which one of the following DNA markers can be used to distinguish between a homozygote and a heterozygote?

| | |
|---|---|
| 1. RAPD | 2. AFLP |
| 3. RFLP | 4. ISSR |

52. निम्नलिखित में से कौन सा पादपों का फँफूदीय रोग है?
   1. ककड़ी का मोज़ेक
   2. नाशपाती का दग्ध शीर्णता
   3. किरीट पिटिका
   4 सेब स्कैब


52. Which one of the following is a fungal disease of plants?
   1. Cucumber mosaic
   2. Fire blight of pear
   3. Crown gall
   4 Apple scab

53. निम्नांकित इंफ्लुएंजा ए विषाणु के कौन से उपप्रकार गम्भीर रोग एवियन फ्लू के कारण होते हैं, तथा हांगकांग में सन् 1997 में इस रोग के अतिफैलाव के लिए उत्तरदायी थे?
   1. एच 1 एन 1
   2. एच 7 एन 7
   3. एच 3 एन 2
   4 एच 5 एन 1

53. Which one of the following influenza A virus subtypes caused severe avian flu and was responsible for disease outbreak in the year 1997 in Hong Kong?


| | |
|---|---|
| 1. H1N1 | 2. H7N7 |
| 3. H3N2 | 4. H5N1 |

54. निम्न प्रदर्शित चित्र चयनित जातियों का एक जातिवृत्तीय वृक्ष है:




उपर्युक्त के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
   1. समूह X एकजातीय है और समूह Y बहुजातीय है।
   2. समूह X उपजातीय है और समूह Y एकजातीय है।
   3. दोनों X और Y समूह एकजातीय हैं।
   4 समूह X एकजातीय है और समूह Y उपजातीय है।

54. Depicted below is a phylogenetic tree of selected taxa:




Based on the above, which one of the following statements is correct?
   1. Group X is monophyletic and Group Y is polyphyletic.
   2. Group X is paraphyletic and Group Y is monophyletic.
   3. Both Group X and Y are monophyletic.
   4 Group X is monophyletic and Group Y is paraphyletic

55. निम्नलिखित में से कौन गैर-विषैले सांपों की पहचान वाले लक्षणों को दर्शाते हैं?
   1. बेलनाकार पूंछ और छोटे उदरीय शल्क
   2. बेलनाकार पूंछ, चौड़े अनुप्रस्थ शल्क और चौथा इंफ्रालेबियल शल्क सबसे बड़ा है।
   3. चपटी पूंछ, चौड़े अनुप्रस्थ शल्क और तीसरा सुप्रालेबियल शल्क आंख एवम् नाक को छूता है।
   4. बेलनाकार पूंछ, चौड़े अनुप्रस्थ उदरीय शल्क और आंख एवम् नासारंध्र के बीच लोरियल गड्ढे।

55. Which of the following describes the identification features of non-poisonous snakes?
   1. Cylindrical tail and small belly scales
   2. Cylindrical tail, broad transverse belly scales and 4th infralabial scale is the largest
   3. Flat tail, broad transverse scales and 3rd supralabial scale touches eye and nose
   4. Cylindrical tail, broad transverse belly scales and a loreal pit between eye and nostril

56. एक सड़क का निर्माण नम उष्णकटिबंधीय वन से होकर किया गया, इससे जंगली तितलियों की प्रजातियों की आबादी घट गई। सड़क निर्माण के कारण जंगली तितलियों की आबादी में आई कमी के लिए निम्नलिखित में से कौन सी सम्भावित व्याख्या नहीं हो सकती है?
   1. सड़क जंगली प्रजातियों के साथ प्रतियोगिता रखने वाली अंतराल-रागी प्रजातियों के प्रवजन को सरल बनाती है।
   2. सड़क वन के भीतर जंगली तितलियों की व्यष्टियों की बढ़ी हुई गति को सरल बनाती है,इससे आनुवांशिक विविधता घटती है।

3. सड़क आवास को अंदर से विभाजित कर देती है और जंगली तितलियों के लिए महत्वपूर्ण सूक्ष्म-आवासीय परिस्थितियों पर नकारात्मक प्रभाव डालती है।
4 सड़क अस्थानिय पौधों के हमलों को सरल बनाती है,जो मूल पोषकों और जंगली तितलियों के मकरंद वाले पौधों को प्रतिस्थापित करते हैं।

56. A road is constructed through a wet tropical forest, following which the population of a species of forest butterfly declines. Which of the following is **NOT** a possible explanation for the road causing a decline in the forest butterfly population?
1. Road facilitates immigration of gap-loving species which compete with the forest species.
2. Road facilitates increased movement of individuals of the forest butterfly within the forest, which reduces genetic diversity.
3. Road internally fragments the habitat and negatively affects important micro-habitat conditions for the forest butterfly.
4 Road facilitates invasion by non-native plants that displace native host and nectar plants of the forest butterfly.

57. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सामान्य वितरण के संबंध में सही नहीं है?
1. यह माध्य के चारों ओर सम्मित है।
2. यह माध्यिक के चारों ओर सम्मित है।
3. यह प्रसरण के चारों ओर सम्मित है।
4. यह बहुलक के चारों ओर सम्मित है।

57. Which one of the following statements regarding normal distribution is **NOT** correct?
1. It is symmetric around the mean.
2. It is symmetric around the median.
3. It is symmetric around the variance.
4. It is symmetric around the mode.

58. उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक प्रजाति विविधता निम्नलिखित में से एक को **छोड़कर** सम्भावित कारणों से होती है
1. शीतोष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों की तुलना में उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के आपेक्षिक स्थायी जलवायिक परिस्थितियें में विविधताओं को पनपने का अधिक समय मिला।
2. उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में उच्च स्थानिक विषमांगता होती है
3. उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक जैविक प्रतियोगिता के फलस्वरूप संकुचित कर्मता होती है।
4. उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में निम्नतर परभक्षी तीव्रता के फलस्वरूप परभक्षी प्रजातियों की उत्तरजविता बढ़ती है।

58. Tropical regions may have more species diversity because of the following possible reasons, **EXCEPT**
1. tropical regions have had more time to diversify under relatively stable climatic conditions than temperate regions.
2. tropical regions have high spatial heterogeneity.
3. greater biological competition in the tropics leads to narrower niches.
4 lower predation intensity in the tropics allows survival of more prey species.

59. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
1. बाह्यमाइकोराइजल साहचर्य प्रबलता से फास्फोरस सीमाबंधन को घटाता है तथा अंतःमाइकोराइजल साहचर्य नाइट्रोजन और फास्फोरस दोनों की सीमाबंधनों को कम करता है।
2. अंतःमाइकोराइजल साहचर्य प्रबलता से फास्फोरस सीमाबंधन को घटाता है तथा बाह्यमाइकोराइजल साहचर्य नाइट्रोजन और फास्फोरस दोनों की सीमाबंधनों को कम करता है।
3. बाह्य और अंतःमाइकोराइजल साहचर्य नाइट्रोजन और फास्फोरस की सीमाबंधनों को कम नहीं करता है।
4 बाह्य और अंतःमाइकोराइजल साहचर्य केवल फास्फोरस सीमाबंधन को कम करने में सक्षम है।

59. Which one of the following statements is correct?
1. Ectomycorrhizal associations predominantly reduce phosphorus limitation, and endomycorrhizal associations reduce both nitrogen and phosphorus limitation.
2. Endomycorrhizal associations predominantly reduce phosphorus limitation, and ectomycorrhizal associations reduce both nitrogen and phosphorus limitation.
3. Ecto-and endo-mycorrhizal associations do not reduce nitrogen and phosphorus limitation.
4 Ecto-and endo-mycorrhizal associations are able to reduce only phosphorus limitation.

**60.** प्रजातिकरण प्रक्रिया के लिए निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?
1. विस्थानिक प्रजातिकरण निकटवर्ती आबादियों के बीच होता है।
2. परस्थानिक प्रजातिकरण भौगोलिकरुप से पृथक आबादियों के बीच हो सकता है।
3. सहस्थानिक प्रजातिकरण एक निरंतर वितरित आबादी में होता है।
4. सहस्थानिक प्रजातिकरण होता है जब निरंतर वितरित आबादी छोटे छोटे भागों में विभाजित होती है।

**60.** Which one of the following statements is correct for the process of speciation?
1. Allopatric speciation occurs between adjacent populations.
2. Parapatric speciation may occur between geographically separated populations.
3. Sympatric speciation occurs within one continuously distributed population.
4. Sympatric speciation occurs when continuously distributed populations are fragmented.

**61.** निम्नलिखित में से कौन सूक्ष्मविकासीय परिवर्तन में योगदान नहीं देता है?
1. उत्परिवर्तन
2. यादृच्छिक संगम
3. आनुवांशिक विचलन
4. प्राकृतिक चयन

**61.** Which one of the following does **NOT** contribute to microevolutionary change?
1. Mutation
2. Random mating
3. Genetic drift
4. Natural selection

**62.** हेमिल्टन नियम के अनुसार, परोपकारी व्यवहार विकसित हो सकता है जब rb > c, जहां b परोपकारी कार्य के परिणामस्वरुप प्रापकर्ता को मिला अतिरिक्त लाभ है, c परोपकारी कार्य करने वाले को काम से मिली कीमत और r निम्न में से किसके बीच की संबद्धता है:
1. परोपकारी कार्य करने वाले व्यक्ति और प्रापकर्ता की संतति
2. परोपकारी कार्य करने वाले व्यक्ति और प्रापकर्ता
3. प्रापकर्ता और परोपकारी कार्य करने वाले व्यक्ति की संतति
4. परोपकारी कार्य करने वाले व्यक्ति और उसकी आबादी के सदस्य

**62.** According to Hamilton's rule, altruistic behaviour can evolve when rb > c, where b is the extra benefit gained by the recipient as a result of the altruistic act, c is the cost to the actor arising from performing the altruistic act and r is the relatedness between the:
1. individual performing the altruistic act and the offspring of the recipient
2. individual performing the altruistic act and the recipient
3. recipient and the offspring of the individual performing the altruistic act
4. individual performing the altruistic act and the members of its population

**63.** राइबोसोमल आरएनए (आरआरएनए)के न्यूक्लिओटाइड अनुक्रम के विश्लेषण मुख्यतौर पर जीवित जीवों के विकासीय अध्ययनों के लिए निम्नलिखित कारणों में से एक कारण को **छोड़कर** उपयोगी होते हैं
1. आरआरएनए विकासीय पुरातन है।
2. किसी भी मुक्तजीवी जीव में आरआरएनए अनुपस्थित नहीं होता है।
3. आरआरएनए, क्योंकि अनुवाद के लिए महत्वपूर्ण होता है, दूरस्थ प्रजातियों के बीच पार्श्वीय स्थानांतरण कर सकता है।
4. आरआरएनए भूवैज्ञानिक समय के साथ धीरे धीरे विकसित हुआ है।

**63.** Analyses of nucleotide sequences of ribosomal RNA (rRNA) are particularly useful for evolutionary studies of living organisms because of the following reasons **EXCEPT**
1. rRNA is evolutionarily ancient.
2. no free-living organism lacks rRNA.
3. rRNA, since critical for translation, can undergo lateral transfer amongst distant species.
4. rRNA has evolved slowly over geological time.

**64.** पौधों में 'जीन पिरामिडमिति' की सर्वाधिक उपयुक्त परिभाषा निम्नलिखित में से कौन सी है?
1. विभिन्न जीनप्ररुपों में एक विशिष्ट नाशक जीव के प्रति प्रतिरोधकता के लिए विभिन्न जीनों का प्रवेश कराना
2. विभिन्न जीनप्ररुपों में एक विशिष्ट नाशक जीव के प्रति प्रतिरोधकता के लिए एक जीन का प्रवेश कराना
3. एक जीनप्ररुप में एक नाशक जीव के प्रति प्रतिरोधकता के लिए विभिन्न जीनों का प्रवेश कराना
4. विभिन्न जीनप्ररुपों में अनेक नाशक जीवों के प्रति प्रतिरोधकता के लिए एक जीन का प्रवेश कराना

**64.** Which one of the following is the most appropriate definition of 'Gene Pyramiding' in plants?

1. Introducing different genes for resistance to a specific pest in different genotypes.
2. Introducing a single gene for resistance to a particular pest in different genotypes.
3. Introducing different genes for resistance to a single pest in a single genotype.
4. Introducing a single gene for resistance to multiple pests in different genotypes.

**65.** कोशिका में प्रोटीन काइनेज़ A संरूपण पर cAMP के प्रभाव का परीक्षण करने के लिए, अन्वेषक ने प्रोटीन काइनेज़ A के N- और C-सिरों पर दो प्रतिदीप्त प्रोटीनों को संगुम्फित करके एक फ्रेट जैवसंवेदक बनाया। कोशिकीय वातावरण में cAMP की अनुपस्थिति में, कोई फ्रेट सिग्नल नहीं दिखाई दिया। हालांकि, cAMP डालने पर 530 नैनोमीटर पर तीव्र उत्सर्जन प्राप्त किया गया। अन्वेषक द्वारा उपयोग किए गए फ्लुओरोफोरों का सबसे उत्तम विन्यास कौन सा रहा होगा?

1. हरा प्रतिदीप्त प्रोटीन (जीएफपी) और लाल प्रतिदीप्त प्रोटीन (आरएफपी)
2. सियान प्रतिदीप्त प्रोटीन (सीएफपी) और पीला प्रतिदीप्त प्रोटीन (वायएफपी)
3. पीला प्रतिदीप्त प्रोटीन (वायएफपी) और लाल प्रतिदीप्त प्रोटीन (आरएफपी)
4. लाल प्रतिदीप्त प्रोटीन (आरएफपी) और सियान प्रतिदीप्त प्रोटीन (सीएफपी)

**65.** To test the impact of cAMP on protein kinase A conformation in cells, an investigator made FRET biosensor by fusing two fluorescent proteins at the N- and C-terminus of protein kinase A. In the absence of cAMP in the cellular milieu, no FRET signal was detected. However, upon cAMP addition, a strong emission at 530 nm was observed. What could be the best configuration of fluorophores that were used by the investigator?

1. Green fluorescent protein (GFP) and Red fluorescent protein (RFP).
2. CYAN fluorescent protein (CFP) and Yellow fluorescent protein (YFP).
3. Yellow fluorescent protein (YFP) and Red fluorescent protein (RFP).
4. Red fluorescent protein (RFP) and CYAN fluorescent protein (CFP).

**66.** सूक्ष्मजीवों द्वारा जैवोपचार को नीचे विस्तारित किया गया है, गलत विकल्प चुनिए?

1. जैविक संदूषक कार्बन स्रोत उपलब्ध कराते हैं।
2. जीवाणु निम्नीकृत हो रहे संदूषकों द्वारा शुद्ध ऊर्जा प्राप्त नहीं करते हैं।
3. जीवाणु ऑक्सीकृत या अपचयित प्रजातियां उत्पादित कर सकते हैं जो धातुओं के अवक्षेपण का कारण हो सकते हैं।
4. जीवाणु वायवीय और अवायवीय श्वसन द्वारा संदूषकों पर क्रिया करते हैं।

**66.** In bioremediation by microorganisms detailed below, choose the **INCORRECT** option?

1. The organic contaminants provide a source of carbon.
2. The bacteria do not get net energy by degrading contaminants.
3. Bacteria can produce oxidized or reduced species that can cause metals to precipitate.
4. Bacteria act on contaminants by aerobic and anaerobic respiration.

**67.** एक मल्टीमीट्रिक प्रोटीन को एसडीएस जेल से गुज़ारने पर 20 kDa तथा 40 kDa पर दो पट्टियां दिखती हैं। हालांकि, प्रोटीन को प्राकृतिक जेल से गुज़ारने पर 120 kDa पर एक पट्टी दिखती है। प्रोटीन का प्राकृतिक रुप होगा

1. होमोट्राइमर
2. हेटेरोटेट्रामर
3. हेटेरोडाइमर
4. हेटेरोट्राइमर

**67.** A multimeric protein when run on an SDS gel showed 2 bands at 20 kDa and 40 kDa. However, when the protein was run on a native gel, it showed a single band at 120 kDa. The native form of the protein would be

1. homotrimer.
2. heterotetramer.
3. heterodimer.
4 heterotrimer.

**68.** एक घोल में NADH और $NAD^+$ हैं, दोनों की सांद्रता 0.1mM है। यदि NADH का मोलर विलोपन स्थिरांक 6220 तथा $NAD^+$ का नगण्य है, तो 5 mm पथ लम्बाई वाले क्यूवेट से मापा गया प्रकाशीय घनत्व होगा

1. 0.62
2. 0.062
3. 0.31
4. 0.031

68. A solution contains NADH and $NAD^+$, both at 0.1mM concentration. If NADH has a molar extinction coefficient of 6220 and that of $NAD^+$ is negligible, the optical density measured in a cuvette of 5 mm path length will be

| | |
|---|---|
| 1. 0.62 | 2. 0.062 |
| 3. 0.31 | 4. 0.031 |

69. प्लास्मिड वेक्टर में क्लोन्ड डीएनए खण्ड (जीन) का विन्यास किसके द्वारा जांचा जा सकता है
   1. दो जीन-विशिष्ट प्राइमरों के उपयोग से पीसीआर द्वारा
   2. एक एंजाइम, जिसका क्लोन्ड जीन में एकल प्रतिबंधन स्थल और वेक्टर में कोई स्थल नहीं है, के साथ प्रतिबंधन पाचन द्वारा
   3. एक जीन-विशिष्ट प्राइमर तथा एक वेक्टर-विशिष्ट प्राइमर के संयोजन से पीसीआर द्वारा
   4 एक एंजाइम, जिसका वेक्टर अनुक्रम में दो प्रतिबंधन स्थल और क्लोन्ड जीन में कोई स्थल नहीं है, के साथ प्रतिबंधन पाचन द्वारा

69. Orientation of a cloned DNA fragment (gene) in a plasmid vector can be checked by
   1. PCR using two gene-specific primers.
   2. Restriction digestion with an enzyme that has a single restriction site within the cloned gene and none in the vector.
   3. PCR using a combination of one gene-specific primer and one vector-specific primer.
   4 Restriction digestion with an enzyme that has two restriction sites within the vector sequence and none in the cloned gene.

70. एक प्रोटीन में ट्रिप्टोफेन प्रतिदीप्ति का अधिकतम उत्सर्जन ~ 335 nm है। यह दर्शाता है कि ट्रिप्टोफेन
   1. एक जलरोधी वातावरण में है।
   2. एक हेलिकल खण्ड में है।
   3. में निकटस्थ सिस्टीन अवशेष है।
   4. ऑक्सीकृत है।

70. The emission maximum of tryptophan fluorescence in a protein is ~ 335 nm. This suggests that tryptophan
   1. is in a hydrophobic environment.
   2. occurs in a helical segment.
   3. has proximal cysteine residues.
   4 is oxidized.

# भाग/PART- C

71. pH 4.0 तथा pH 10.0 वाले घोलों के एक समान आयतनों को लेकर मिलाया गया। इस प्रकार बने घोल का pH लगभग कितना होगा?

| | |
|---|---|
| 1. 7.0 | 2. 5.0 |
| 3. 6.0 | 4. 4.0 |

71. Equal volumes of pH 4.0 and pH 10.0 solutions are mixed. What will be the approximate pH of the final solution?

| | |
|---|---|
| 1. 7.0 | 2. 5.0 |
| 3. 6.0 | 4. 4.0 |

72. अमीनो अम्ल उपापचय की अंतर्जात त्रुटि, एल्केप्टोन्यूरिया, निम्नलिखित में से किस एक एंजाइम की कमी के कारण होती है:
   1. फ्यूमैरिल एसीटोएसीटेट हाइड्रोलेज़
   2. α-कीटोएसिड डीकार्बोक्सीलेज़
   3. होमोजेनटिसेट ऑक्सीडेज़
   4. पी-हाइड्रॉक्सीफिनिल पाइरुवेट डीहाइड्रॉक्सीलेज़

72. The inborn error of amino acid metabolism, alkaptonuria, is due to the lack of one of the following enzymes:
   1. Fumaryl acetoacetate hydrolase
   2. α-ketoacid decarboxylase
   3. Homogentisate oxidase
   4. p-hydroxyphenylpyruvate dehydroxylase

73. 100 अवशिष्टों वाली एक प्रोटीन की संरचना का निर्धारण परमाणुविक विभेदन के स्तर पर एक्स-रे विश्लेषण तथा एनएमआर वर्णक्रममापी द्वारा किया गया। निम्नलिखित प्रेक्षण सम्भव हैं-
   A. एक्स-रे संरचना तथा एनएमआर से निर्धारित द्वितल कोणें समरूप होंगे।
   B. एक्स-रे संरचना द्वारा निर्धारित द्वितल कोण अधिक परिशुद्ध होंगे।
   C. β-घुमावें केवल एनएमआर द्वारा ही निर्धारित किए जा सकते हैं।
   D. β-चादरें एक्स-रे संरचना द्वारा अधिक परिशुद्धता से निर्धारित की जा सकती हैं।

   सभी सही उत्तरों के संयोजन बताइए
   1. A तथा C
   2. B तथा D
   3. B तथा C
   4. A तथा D

73. The structure of a protein with 100 residues was determined by X-ray analysis at atomic resolution and NMR spectroscopy. The following observations are possible.

A. The dihedral angles determined from the X-ray structure and NMR will be identical.
B. The dihedral angles determined from the X-ray structure will be more accurate.
C. β-turns can be determined only byNMR.
D. β-sheets can be more accurately determined from the X-ray structure.

Indicate the combination with ALL correct answers

1. A and C
2. B and D
3. B and C
4. A and D

74. टीआरएनए संरचना में विभिन्न भुजाओं को कॉलम- A में दिखाया गया है। विभिन्न भुजाओं से संबद्ध विशिष्ट लक्षणों को कॉलम- B में दर्शाया गया है।

| कॉलम A | | कॉलम B | |
|---|---|---|---|
| A. | ग्राही भुजा | (i) | डाइहाइड्रोयूरीडिन |
| B. | प्रतिप्रकूट भुजा | (ii) | 7 बीपी स्टेम तथा सीसीए अनुक्रम |
| C. | टीΨसी भुजा | (iii) | 5 बीपी स्टेम |
| D. | डी-भुजा | (iv) | स्यूडोयूरीडिन |

निम्नलिखित में से सही सुमेल चुनिए:

1. A – (ii); B – (iv); C – (i); D – (iii)
2. A – (i); B – (iii); C – (iv); D – (ii)
3. A – (iv); B – (i); C – (ii); D – (iii)
4. A – (ii); B – (iii); C – (iv); D – (i)

74. The different arms in the tRNA structure are shown in Column A. The specific signatures associated with the different arms are shown in Column B.

| COLUMN A | | COLUMN B | |
|---|---|---|---|
| A. | Acceptor arm | (i) | Dihydrouridine |
| B. | Anticodon arm | (ii) | 7 bp stem and CCA sequence |
| C. | TΨC arm | (iii) | 5 bp stem |
| D. | D-arm | (iv) | Pseudouridine |

Choose the correct matches from the following:

1. A – (ii); B – (iv); C – (i); D – (iii)
2. A – (i); B – (iii); C – (iv); D – (ii)
3. A – (iv); B – (i); C – (ii); D – (iii)
4. A – (ii); B – (iii); C – (iv); D – (i)

75. विशिष्ट रासायनिक समूहों के क्षणिक वाहकों के रूप में काम करने वाले कुछ सहएंजाइमों को नीचे दर्शाया गया है।

| सहएंजाइम | | स्थानांतरित रासायनिक समूह | |
|---|---|---|---|
| A. | सहएंजाइम ए | (i) | इलेक्ट्रॉन |
| B. | फ्लेविन एडिनीन डाइन्यूक्लिओटाइड | (ii) | एसिल समूह |
| C. | पायरीडॉक्सल फास्फेट | (iii) | हाइड्राइड आयन |
| D. | निकोटिनामाइड एडिनीन डाइन्यूक्लिओटाइड | (iv) | अमीनो समूह |

निम्नलिखित में से सुमेल चुनिए:

1. A – (i); B – (ii); C – (iii); D – (iv)
2. A – (ii); B – (i); C – (iv); D – (iii)
3. A – (iii); B – (iv); C – (ii); D – (i)
4. A – (iv); B – (iii); C – (i); D – (ii)


75. Some coenzymes that serve as transient carriers of specific chemical groups are shown below

